7

संoसंo–2/पेन–79/2025–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

रेणु कुमारी
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग,
बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : डाo ओम प्रकाश, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, रोहतास के अवकाश खाते में संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार, उपरोक्त विषयक वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–8889(2)विo दिनांक–24.12.1986 पत्रांक–1829(2)विo दिनांक 07.04.2005 एवं वित्त (वैoदाoनिoकोo) विभाग के ज्ञाप संख्या–2192(25), दिनांक–15.10.2025 के आलोक में डाo ओम प्रकाश, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, रोहतास को उनके अवकाश खाते में संचित 300 (तीन सौ) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति विभागीय आदेश संख्या–903(3) दिनांक–02.12.2020 के आलोक में इस शर्त्त के साथ दी जाती है कि यदि इनके कार्यकाल मे लम्बित निरीक्षण प्रतिवेदन सख्या–138/13–14 के अनुपालन के क्रम में अथवा अन्य किसी भी मामले मे इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि/असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली/गबन/दुर्विनियोग आदि का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी तथा साथ ही इनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकेगी।

(2) डाo ओम प्रकाश का सेवानिवृत्ति की तिथि–30.04.2025 है।

(3) उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, रोहतास के पत्रांक–324 दिनांक–20.11.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि डाo प्रकाश दिनांक–24.03.1988 से 31.03.1988 तक अध्ययन अवकाश में रहे। साथ ही डाo प्रकाश दिनांक–07.08.2007 से 24.08.2007 तक उपार्जित अवकाश में रहे जिसका भुगतान हो चुका है एव दिनांक–01.01.2020 से 30.04.2025 तक का अवकाश में नहीं रहे (छायाप्रति संलग्न)।

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सम्बन्ध मे अपने स्तर से पूर्णतः संतुष्ट हो जाने के उपरान्त डाo ओम प्रकाश, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, रोहतास के पक्ष में 300 (तीन सौ) दिन के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान हेतु प्राधिकार पत्र उपाधीक्षक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, रोहतास के नाम से निर्गत करने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन

हo/–
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक–2/पेन–79/2025– 24(2) पटना, दिनांक 07/01/2026

**प्रतिलिपिः** महालेखाकर (लेo एवं हo) बिहार, पटना/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रोहतास/उपाधीक्षक, अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, रोहतास /कोषागार पदाधिकारी, रोहतास/डाo ओम प्रकाश, सेवानिवृत्त चिकित्सा पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल, बिक्रमगंज, रोहतास पत्राचार का पता–ग्राम/मोo–धनगाई, बिक्रमगंज, नटवार रोड शिव मंदिर के पास, पोo+थाना–बिक्रमगंज, जिला–रोहतास, पिन कोड–802212/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आईoटीo मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी

D>Sec-2>2025>PEN 2025